गङ्गा की जय हो
gaṅgā kī jaya ho

गङ्गा की जय हो जय हो
जग तारन कारन आयी

gaṅgā kī jaya ho jaya ho
jaga tārana kārana āyī

विष्णु चरन से निकसी माता शिव की जटा समायी
जटाशङ्करी नाम पड्यो है त्रिभुवन तारन आयी

viṣṇu carana se nikasī mātā śiva kī jaṭā samāyī
jaṭā-śaṅkarī nāma paḍyo hai tribhuvana tārana āyī

भगीरथ ने करी तपस्या महिमा अधिक बढायी
तोड फोड पर्बत से निकसी शतपुत तारे जायी

bhagīratha ne karī tapasyā mahimā adhika baḍhāyī
toḍa phoḍa parbata se nikasī śataputa tāre jāyī

ऋषि-मुनि-जन-संतन जप-तप करी तुम्हरे किनारे आयी
हो प्रसन्न सब को वर देती जो जो जो चित लायी

ṛṣi-muni-jana-saṁtana japa-tapa karī tumhare kināre āyī
ho prasanna saba ko vara detī jo jo jo cita lāyī

चार पदारथ की हो दाता ब्रह्मरूपिणी मायी
कहत सन्तोषानन्द सरस्वती भागीरथी जन मन मायी

cāra padāratha kī ho dātā brahma-rūpiṇī māyī
kahata santoṣānanda sarasvatī bhāgīrathī jana mana māyī